वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेंल- spazh-up@nic.in

# प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

*पत्र संख्या- 110 /2025* *दिनांक- 24.03.2025*

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक- 24.03.2025 को सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में ***थाना देवगांव पुलिस द्वारा कुल 04 थानों के कुल 05 लूट व चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया गया, लूट व चोरी की घटना कारित करने वाला शातिर अपराधी दीपक पुलिस मुठभेड़ में घायल, घायल बदमाश सहित 02 अपराधी गिरफ्तार, लूट व चोरी के 20,400 रूपयें, आभूषण, अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद किया*** गया है।

**थाना देवगांवः पुलिस मुठभेड़ में कुल 04 थानों के कुल 05 लूट व चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटनाओं में शामिल अभियुक्त दीपक कुमार के पैर में लगी गोली, घायल बदमाश सहित 02 अपराधी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त दो पहिया वाहन होण्डा साइन, लूट व चोरी के 20,400 रूपये तथा 01 देशी तमंचा .315 बोर, 01 खोखा कारतूस .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर व सफेद धातु का 01 कटोरा, 01 चम्मच व पीली धातु का 01 चेन बरामद।**

## पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरणः-

➡ दिनांक 01.03.2025 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आवेदक अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 बृजनाथ सिंह ग्राम खनियरा थाना देवगाँव आजमगढ़ से पानी खरीदना तथा खरीद का पैसा वापस करते समय वादी के हाथ से 15,000 रूपया छिनकर (झपट्टा मारकर) भाग जाने के सम्बन्ध में थाना देवगांव पर मु0अ0सं0 77/2025 धारा 304 बीएनएस बनाम दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया है।

➡दिनांक 12.07.2024 को शेखुपुर पुलिया के पास से एक औरत के गले से मंगलसूत्र छिनकर भाग गये थे। जिसके सम्बन्ध में थाना मेंहनगर में मु0अ0सं0 257/2024 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है।

➡दिनांक 06.09.2024 को थाना अतरौलिया में बी0एस0एन0एल0 टावर के पास से एक औरत के गले से सोने की चेन छिन लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना अतरौलिया में मु0अ0सं0 313/2024 धारा 304 बीएनएस पंजीकृत किया गया है।

## गिरफ्तारी/पुलिस मुठभेड़ का विवरणः-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.03.2025 को **ग्राम खनियरा में** दिनांक 01.03.2025 को घटित घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना देवगांव की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना में शामिल बदमाश सुरेश कुमार पुत्र रामलाल निवासी बिरालियन थाना झींझाना जनपद शामली व दीपक कुमार पुत्र मांगेराम निवासी अहमदगढ़ थाना झींझाना जनपद शामली को पुलिस मुठभेड़ के दौरान **कपसेठा चेवार रोड़ से समय करीब 02.10 बजे** पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया तथा पुलिस मुठभेड में अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र मांगेराम निवासी अहमदगढ़ थाना झींझाना जनपद शामली के **बांये पैर में गोली** लगी है तथा एक अन्य बदमाश सुरेश कुमार पुत्र रामलाल निवासी बिरालियन थाना झींझाना जनपद शामली को पुलिस बल की मदद से गिरफ्तार कर किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो पहिया वाहन होण्डा साइन व 01 देशी तमंचा .315 बोर, 01 खोखा कारतूस .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर व सफेद धातु का 01 कटोरा, 01 चम्मच व पीली धातु का 01 चेन बरामद किया गया है।

## पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्तगण से पूछताछ की गयी तो बताये कि दिनांक 01.03.2025 को हम दोनो ने थाना देवगांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खनियरा में एक पानी की दूकान से 15000 रूपये छीन लिये थे। दूकानदार के चिल्लाने पर उसको तमंचा दिखाकर चुप करा दिये थे। दिनांक 21.11.2024 को थाना बरदह क्षेत्रान्तर्गत सुबह एक घर में ताला बन्द देखकर ताला तोड़कर घर के अन्दर घूसकर कमरे की आलमारी में रखा सोने चांदी के आभूषण तथा 60,000 रूपया मै व मेरा साथी दीपक कुमार ने मिलकर चोरी कर लिये थे। चांदी का एक कटोरा व एक चम्मच व एक चेन पीली धातू को छोड़कर शेष आभूषण को हम दोनो ने बीमारी का बहाना बनाकर अंजान व्यक्ति को 10,000 रूपये में बेच दिये थे। दिनांक 06.11.2024 की रात्रि में नन्दापुर देवगांव से एक मोटर साइकिल चुराये थे। जिसे बेचने के लिए बनारस लेकर गये थे। गाड़ी को DLW में तालाब के पास खड़ा करके बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे कि इसी बीच वहाँ पुलिस आ गयी। पुलिस को देखकर हम लोग गाड़ी वहीं छोड़कर भाग गये थे।

दिनांक 12.07.2024 को हम दोनो मिलकर थाना क्षेत्र मेंहनगर के ग्राम शेखुपुर पुलिया के पास से एक औरत के गले से मंगलसूत्र छिनकर भाग गये थे। जिसको हम दोनो ने अंजान व्यक्ति को 14,000 रूपये में बेच दिये थे। दिनांक 06.09.2024 को थाना अतरौलिया बी0एस0एन0एल0 टावर के पास से एक औरत के गले से सोने की चेन छिन लिये थे जिसको हम दोनो ने अंजान व्यक्ति को सोने की चेन को 15,000 रूपये में बेच दिये थे।

**अपराध का तरिकाः**- पेशेवर तरीके से रेकी कर अपराध कारित करते है।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. दीपक कुमार पुत्र मांगेराम निवासी अहमदगढ़ थाना झींझाना जनपद शामली ***(घायल अभियुक्त)***
2. सुरेश कुमार पुत्र रामलाल निवासी बिरालियन थाना झींझाना जनपद शामली

**बरामदगी का विवरणः-**

1. घटना में प्रयुक्त दो पहिया वाहन होण्डा SP साइन 160
2. एक देशी तमंचा 315 बोर
3. एक खोखा कारतूस 315 बोर
4. एक जिन्दा कारतूस 315 बोर
5. अभियुक्तगण के पास से नकद कुल 20400/- रूपये बरामद
6. एक कटोरा सफेद धातु (थाना बरदह चोरी)
7. एक चम्मच सफेद धातु (थाना बरदह चोरी)
8. एक चेन पीली धातु (थाना बरदह चोरी)

**अनावरण अभियोगों का विवरण- (लूट की 03 व चोरी की 02 घटनाओं का अनावरण)**

1. मु0अ0सं0 77/2025 धारा 309(4) बीएनएस **थाना देवगांव** जनपद आजमगढ़ **(लूट)**
2. मु0अ0सं0 257/2024 धारा 304(2) बीएनएस **थाना मेहनगर** जनपद आजमगढ़ **(लूट)**
3. मु0अ0सं0 313/2024 धारा 304 बीएनएस **थाना अतरौलिया** आजमगढ़ **(लूट)**
4. मु0अ0सं0 56/2025 धारा 331(14),305 बीएनएस **थाना बरदह** जनपद आजमगढ़ **(चोरी)**
5. मु0अ0सं0 417/2024 धारा 305 बीएनएस **थाना देवगांव** जनपद आजमगढ़ **(चोरी)**

**पंजीकृत अभियोग**

1-मु0अ0सं0 101/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना देवगांव जनपद आजमगढ़

**गिरफ्तार अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास का विवरणः-**

*1.दीपक कुमार पुत्र मांगेराम निवासी अहमदगढ़ थाना झींझाना जनपद शामली*

1. मु0अ0सं0 77/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना देवगांव जनपद आजमगढ़
2. मु0अ0सं0 417/2024 धारा 305 बीएनएस थाना देवगांव जनपद आजमगढ़
3. मु0अ0सं0 393/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना देवगांव जनपद आजमगढ़
4. मु0अ0सं0 101/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना देवगांव जनपद आजमगढ़
5. मु0अ0सं0 313/2024 धारा 304 बीएनएस थाना अतरौलिया आजमगढ़
6. मु0अ0सं0 257/2024 धारा 304(2) बीएनएस थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़
7. मु0अ0सं0 56/2025 धारा 331(14),305 बीएनएस थाना बरदह जनपद आजमगढ़

*2.सुरेश कुमार पुत्र रामलाल निवासी बिरालियन थाना झींझाना जनपद शामली*

1. मु0अ0सं0 77/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना देवगांव जनपद आजमगढ़
2. मु0अ0सं0 417/2024 धारा 305 बीएनएस थाना देवगांव जनपद आजमगढ़
3. मु0अ0सं0 393/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना देवगांव जनपद आजमगढ़
4. मु0अ0सं0 101/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट देवगांव जनपद आजमगढ़
5. मु0अ0सं0 313/2024 धारा 304 बीएनएस थाना अतरौलिया आजमगढ़
6. मु0अ0सं0 257/2024 धारा 304(2) बीएनएस थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़
7. मु0अ0सं0 56/2025 धारा 331(14),305 बीएनएस थाना बरदह जनपद आजमगढ़

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 विमल प्रकाश राय मय हमराह थाना देवगांव आजमगढ़
2. उ0नि0 चित्रांशू मिश्रा मय हमराह थाना देवगांव आजमगढ़
3. उ0नि0 सुभाष तिवारी मय हमराह थाना देवगांव आजमगढ़
4. उ0नि0 लाल बहादुर थाना देवगांव आजमगढ़
5. उ0नि0 विशाल चक्रवर्ती थाना देवगांव आजमगढ़








HONDA